हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 फरवरी 2025




11 जीत के बाद टीम पहुंची गांव, खेल प्रेमियों ने...


12 जिलेभर में सन्त शिरोमणी की 648वीं जयंती...


## खबर संक्षेप

### 44 बोतल अवैध देशी शराब की बरामद

**लोहारू।** लोहारू थाना पुलिस ने फरटिया रोड पर एक प्लाट से 44 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की है। आरोपी मौके से फरार हो गए में कामयाब हो गया। पुलिस टीम गश्त के दौरान चौ देवीलाल चौक पर तैनात थी तथा पुलिस को फरटिया रोड पर एक युवक द्वारा अवैध शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली। पुलिस ने छापा मारा तो मौके पर एक युवक शराब की कट्टा छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने कट्टे की जांच की तो उसमें से पुलिस को 44 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई।

### प्रदर्शनी के लिए आज तक निःशुल्क आवेदन

**लोहारू।** 15 व 16 फरवरी को गिगनाऊ के अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र में आयोजित होने वाले बागवानी एक्सपो-2025 मेले में कोई फर्म, किसान या संस्थान अपने उत्पादों व कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी लगा सकता है। इसके लिए 13 फरवरी तक निशुल्क आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी बागवानी उपनिदेशक डॉक्टर आत्म प्रकाश ने दी।

### इंडो इजरायल बागवानी केन्द्र गिगनाऊ का दौरा

**बहल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंढ़ोली कलां के विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण के लिए इंडो इजरायल बागवानी केन्द्र गिगनाऊ का दौरा किया। बुधवार को विद्यार्थियों का दल प्रधानाचार्य सुनील पंघाल के नेतृत्व में एनएसक्यूएफ योजना के तहत इंडो इजरायल बागवानी केन्द्र गिगनाऊ शैक्षिक भ्रमण किया। इसमें कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यार्थी शामिल रहे।

# परमात्मा को याद करवाने के लिए देह धारण करते हैं संतः कंवर साहेब

■ सत्संग वचन परमसंत सतगुरु हुजूर कंवर साहेब ने सिवानी में स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही यह कलयुग हो लेकिन हम भाग्यशाली जीव है कि हम ऐसे काल में जन्में हैं जिसमें अनेकों सन्तो का अवतरण हुआ। इस कलि काल में ना केवल सन्त शिरोमणि रविदास प्रकट हुए बल्कि नानक, कबीर, मीरा, चैतन्य महाप्रभु, पलटू, गरीबदास, दादू से लेकर ताराचंद जैसे सन्त अवतरित हुए। परमात्मा को याद करवाने और इंसान की अंतर शक्तियों का एहसास करवाने के लिए ही संत देह धारण कर इस जगत में आते हैं। जब सन्त सतगुरु महात्मा इस धरा पर आते हैं तो तीन ताप से दुखी जीवो को बड़ी शांति मिलती है। इसी परमार्थ के लिए संत रविदास भी इस जगत में आए थे और आज हम उन्हीं संत शिरोमणि रविदास की जयंती मना रहे हैं। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु हुजूर कंवर साहेब ने सिवानी में स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए। हुजूर कँवर साहेब ने कहा कि ये सब तत्ववेत्ता सन्त हैं। ये काल के ताप से जीवों को सांत्वना देने आते हैं कि हम आपको परमात्मा को पाने का तरीका सुझाते हैं आगे आपका भाव और



**भिवानी।** आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब।

भाग। उन्होंने कहा कि भक्ति के लिए स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता है। जैसा अन्न खाओगे आपका मन भी वैसा ही हो जाएगा। गुरु महाराज ने रविदास के जीवन वृत सुनाते हुए कहा कि अपने पहले जन्म में सन्त रविदास की किसी बात से नाराज होकर रामानन्द ने उन्हें श्राप दिया। गुरु महाराज ने कहा कि जैसे बिना हथियार के सुरमा नही लड़ सकता वैसे ही बिना इष्ट के व बिना गुरु के भक्ति नही की जा सकती, लेकिन हम तो दूसरे ही झमेलों में उलझे हैं।

हुजूर महाराज ने कहा कि आज जिसे देखो वही विषयों का गुलाम दिखता है। जो खुद नशे विषयो में फंसा है वो अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा कैसे दे सकता है। उन्होंने कहा कि समाज उन्नत होगा तो देश उन्नत होगा और समाज उन्नत तब होगा जब इंसान उन्नत होगा। उन्नति की सारी शक्तियां इंसान के अंतर में ही मौजूद है लेकिन हम उन शक्तियों को भुला बैठे है क्योंकि हम परमात्मा को भूल गए हैं। गुरु महाराज ने फरमाया कि सन्त रविदास जी के विचार उच्च कोटि के थे। वे जाती पाति के घोर विरोधी थे।वो कहते थे कि जाति पाती है नहीं कोई। हरि को भजे सो हरि का होइ।

गुरु महाराज ने कहा कि जाति पाती का मोल नहीं होता, मोल तो ज्ञान का होता है जैसे महता तलवार की होती है ना कि म्यान की। उन्होंने कहा कि ये दुनियादारी ऐसी है की आप अच्छा काम करना शुरू कर दो आपको कई टोकने वाले मिल जायेंगे। जगत और भगत का तो बैर बहुत पुराना है। गुरु महाराज ने फरमाया कि आज हम रविदास जी के अवतरण दिवस पर यही संकल्प ले कि जीवन मे नेक काम करते हुए अपनी इंसानी यानि को सार्थक करेंगे।

घर गृहस्थी के सारे काम करते हुए परमात्मा का सुमिरन करो। बड़े बुजुर्गो की सेवा में सब देवताओं की पूजा है। किसी को कटु वचन मत बोलो। अपने आचरण से दुसरो को प्रेरणा दो। जाति पाती धर्म की नहीं सद्गुणों की पूजा करो। यदि अपने अंदर इन गुणों को ले आए तो समझो कि आपने संत रविदास के जीवन को अपना लिया।

## जनस्वास्थ्य विभाग ने मशीनों से करवाई सफाई

# सीवरेज सफाई में मिला पॉलीथिन का अंबार, यही ब्लाकेज का मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बावड़ी गेट पर पिछले लंबे समय से नागरिक सीवरेज ओवरफ्लो व टूटी सड़क की समस्या झेल रहे थे। जिसके चलते यहां के दुकानदारों के साथ-साथ राहगीरों को भी गंदगी से गुजरना पड़ रहा था, जिसके चलते उनकी परेशानियां बढ़ रही थी। नागरिकों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए बुधवार को जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेज लाईन की सफाई करवाई गई, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वार्ड नंबर-8 के पार्षद प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा बावड़ी गेट पर बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले पर रेल डालकर उसे बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि जब यह नाला ही बंद है तो पानी निकासी के लिए कोई स्थान ही नहीं बचा तथा घरों व दुकानों की सारी गंदगी सीवर में जाती थी। जिसके चलते सीवरेज पूरी तरह से ठप्प हो चुका था तथा यहां के लोगों को सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या झेलनी पड़ रही थी। उन्होंने बताया कि आज पब्लिक हैल्थ विभाग द्वारा बावड़ी गेट पर सीवरेज की सफाई करवाई गई। जिसके बाद यहां पर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या नागरिकों को नहीं झेलनी पड़ेगी। हर्षदीप डुडेजा ने बताया कि आज सक्शन मशीन द्वारा सीवरेज लाईनों की सफाई करवाई गई, जिसके बाद यहां की मैनुअल सफाई करवाई जाएगी तथा नागरिकों को सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से पूरी तरह से निजात मिलेगी। पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि बावड़ी गेट से अंदर की तरफ जाने वाली सडक़ बनाने का टैंडर लग चुका है तथा इस सप्ताह में ही यह सडक़ नई बननी शुरू हो जाएगी।



भिवानी। मशीन से सफाई के बाद निकले पॉलीथिन को उठाता एक मजदूर।

### कर्मचारी बोले,लोग जागरूक रहें

विभाग के कर्मचारी रविंद्र ने बताया कि इस सीवरेज लाईन से नालियां अटैच है। जिसके कारण पॉलिथीन व अन्य गंदगी सीवरेज में आती है। जिसके कारण सीवरेज लाईन बार-बार ब्लॉक हो जाती है। बीते दिनों भी इस सीवरेज लाईन की सफाई करवाई थी तथा आज सीवरेज से भारी मात्रा में पॉलिथीन निकाली गई। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पॉलिथीन को सीवरेज में ना फेंके तथा स्वयं भी जागरूकता दिखाएं।

# आरोपी को बनारस लेकर गई पुलिस

**बहल।** जाली नोट छापने के प्रयास करने वाले आरोपी को बहल पुलिस बनारस लेकर गई है। पुलिस को इस बात का पता लगा है कि आरोपी ने बनारस में किसी से ही जाली करेंसी छापने का सामान लिया था। पुलिस आरोपी की निशानदेही पर उस व्यक्ति तक पहुंचेगी जहां से उसने सामान खरीद किया है। पुलिस थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से सात दिन के लिए रिमांड पर लिया हुआ है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस के सामने जो बातें आई है उसके अनुसार आरोपी ने करेंसी छापने में प्रयोग होने वाला सामान बनारस के किसी व्यक्ति से लिया था। बुधवार को पुलिस आरोपी को साथ लेकर बनारस गई है। पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से यह भी पूछताछ करेगी कि दूसरे कितने लोगों की संलिप्तता है। आरोपी कितने दिनों से यह काम कर रहा था और अगर उसने पहले नोट छापे हैं तो उसे कहां कहां चलाए है।

**यह है मामला:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली थी कि बहल क्षेत्र के गांव सिरसी का युवक नकली करेंसी छापने के मामले में संलिप्त है। वह 9 फरवरी को अरावली एक्सप्रेस ट्रेन से बांद्रा टर्मिनस मुंबई से सादुलपुर जंक्शन आ रहा है। सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों की टीम ने रेलवे सुरक्षा बल की मदद से शनिवार रात करीब 11 बजे सादुलपुर जंक्शन पर निगरानी रखते हुए उसे हिरासत में लिया था। डीआरआई टीम ने बहल पुलिस के साथ मिलकर आरोपी दिनेश कुमार के घर से करेंसी के जाली नोट छापने में प्रयुक्त होने वाला सामान बरामद किया था।

### गोरक्षा दल भिवानी व भिवानी परिवार मैत्री संघ का खंडित देव मूर्ति विसर्जन एवं निस्तारण अभियान

**भिवानी।** लोगों की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए गोरक्षा दल भिवानी व भिवानी परिवार मैत्री संघ दिल्ली ने बीते दिनों खंडित देव मूर्ति विसर्जन एवं निस्तार अभियान चलाया था। जिसके तहत विभिन्न मंदिरों व नहरों के समीप से खंडित देव प्रतिमाओं को एकत्रित किया गया था, ताकि उनका एक समुचित स्थान पर विसर्जन और निस्तारण किया जा सकें। इस अभियान के तहत बुधवार को गांव पालुवास की गोशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन के उपरांत एक गड्ढे में विधिवत रूप से एकत्रित की गई खंडित देव मूर्तियों का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जहरगिरी आश्रम के अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डा. अशोक गिरी महाराज के सान्निध्य में किया गया। इस मौके पर श्रीमहंत डा. अशोक गिरी ने गौरक्षा दल भिवानी व भिवानी परिवार मैत्री संघ के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि खंडित देव मूर्ति विसर्जन एवं निस्तारण अभियान धार्मिक परंपराओं के सम्मान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय कदम है।



**भिवानी।** खंडित मूर्तियों का निष्पादन करने से पहले हवन करवाते हुए।









## डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# छोटी-छोटी बातों पर जब महसूस हो तनाव



**मेरी उम्र 69 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और कभी-कभी ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कृपया बताएं कि मैं अपनी इस समस्या से कैसे निजात पाऊं?**

**-सर्वेश्वर, रायपुर**

आप जो छोटी-छोटी बातों को लेकर तनावग्रस्त होते हैं, तनाव लेने के बजाय आपको उनका समाधान ढूंढना चाहिए। तनाव लेने से कुछ नहीं होगा, लेकिन समाधान से ही सब होना है। इसके साथ ही आप कोशिश करें कि कुछ क्रिएटिव काम करते रहें, क्योंकि अगर आप खाली रहेंगे तो आपका मन इधर-उधर डाइवर्ट होगा और परेशानी बढ़ सकती है। इससे भी आराम नहीं हो रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मैं जब भी शेव करता हूं, मेरे चेहरे पर रैशेज हो जाते हैं। कई बार तो बड़े-बड़े लाल दाने भी निकल आते हैं। प्लीज इसका सॉल्यूशन बताएं।**

**-मुदित, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि चेहरे में हल्के दाने होंगे, जिसकी वजह से शेव करने से रैसेज पड़ जाते हैं। पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर इसकी जांच कराएं, जिससे कारण पता चलेगा, क्योंकि अगर दाने होंगे और आप शेविंग करेंगे तो यह समस्या बनी रहेगी। हालांकि कई बार शेविंग क्रीम से इंफेक्शन की भी संभावना होती है। यह डॉक्टर जांच करने के बाद बता पाएंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दर्द रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुणाल, दुर्ग**

आपको बगैर देर किए जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि आपके लक्षण देखकर ऐसा लग रहा है कि आपको टाइफाइड हो सकता है, जिसमें बुखार भी रहता है। लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और जांच के बाद ट्रीटमेंट कराएं।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे बैक-पेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर तो ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया इस समस्या का कोई समाधान बताएं।**

**-शंभुनाथ, महासमुंद**

उम्र बढ़ाने के साथ कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। लेकिन आप बता रहे हैं कि लेटने से आराम मिलता है, यानी मूवमेंट करने में दिक्कत आ रही है। हालांकि कई बार कैल्शियम और विटामिन डी की कमी भी बैक पेन का कारण बनता है। एक बार आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक्स-रे करा लें, जिससे पता चल जाएगा कि हड्डियों में तो कोई दिक्कत नहीं हो रही है। साथ ही आप नियमित रूप से बैक की एक्सरसाइज करें, इसी से स्थाई रूप में राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे लगातार खांसी आ रही है। घर से बाहर यह प्रॉब्लम और भी बढ़ जाती है। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रक्षित, बिलासपुर**

अगर आपको लंबे समय से खांसी आ रही है तो जरूर एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि घर के बाहर समस्या और बढ़ जाती है, इससे ऐसा लग रहा है कि आपको पॉल्यूशन की वजह से ऐसी प्रॉब्लम आ रही है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर निकलें तो मास्क पहनकर निकलें। साथ ही एक बार डॉक्टर से संपर्क कर जांच करा लें, जिससे किसी तरह की शंका न रहे।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मुझे बीते 3 सालों से पाइल्स की समस्या है। कृपया इसका उचित उपचार बताएं।**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या का सीधा संबंध कब्ज से होता है। अगर आपको कब्ज रहती है तो यह बीमारी होने की संभावना पूरी रहती है। इससे बचाव के लिए आप नियमित रूप में पपीता खाएं। अदरक और मिर्च वाले खाने से परहेज करें। साथ ही ऑयली खाना कम से कम खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से पहले गुनगुना दूध लें। इन प्रयासों से आपको आराम मिलेगा। *

प्रस्तुति : रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## हेल्थ-फिटनेस

विवेक कुमार

आज के दौर में हम में से अधिकांश लोगों की लाइफस्टाइल में स्टेबिलिटी बढ़ रही है, फिजिकल एक्टिविटी कम होती जा रही है। जॉब की वजह से भी बहुत लोग लॉन्ग सिटिंग करते हैं। इस वजह से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का रिस्क बढ़ता जा रहा है। कई स्टडीज में इसके नुकसान और इससे बचाव के तरीके बताए गए हैं। आपको इनके बारे में जरूर मालूम होना चाहिए।

# कई बीमारियों का रिस्क बढ़ाती है लॉन्ग सिटिंग




हाल ही में ब्रिटेन की ग्लासगो कैलेडोनियन यूनिवर्सिटी में एक अध्ययन किया गया, जिसमें पाया गया कि एक जगह पर ज्यादा देर तक बैठने वाले लोगों में डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए प्रतिदिन एक्सरसाइज करने की जरूरत होती है। एक्सरसाइज से न केवल गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं बल्कि लगातार बैठने के कारण अचानक होने वाली मौतों का खतरा भी 30 फीसदी तक घट सकता है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार 4 से 6 घंटे बैठने वालों को 12 से 18 मिनट, 6 से 8 घंटे तक बैठने वालों को 18 से 24 मिनट और 8 से 10 घंटे तक बैठने वालों को एक्सरसाइज के लिए कम से कम रोजाना 24 से 30 मिनट देने चाहिए।

### जीवनशैली है जिम्मेदार

लॉन्ग सिटिंग की वजह यह है कि पहले लोगों की जीवनशैली में गतिशीलता अधिक थी। किसी भी काम को करने के लिए उन्हें कहीं न कहीं जाना पड़ता था। आज काम करने के लिए डेस्क है। खाना खाने के दौरान टीवी सेट सामने है। मूवमेंट बहुत कम होती है। पूरा दिन लोग सिर्फ ऑनलाइन रहते हैं। खाना भी हम अपने मोबाइल फोन, टीवी या लैपटॉप के सामने बैठकर ही खाते हैं, जिससे लगातार हम बैठे ही रहते हैं और हमारा वजन बढ़ता है। केवल प्रतिदिन 15 या 20 मिनट की आरामदायक सैर से हम इससे होने वाले तमाम खतरों को कम कर सकते हैं।

### लॉन्ग सिटिंग की वजहें

कई लोगों के लिए ऑफिस वर्क का मतलब ही होता है, कई घंटों तक लगातार एक ही जगह पर बैठे रहना। वे पूरे दिन में बहुत की कम टहलने के लिए निकलते हैं बल्कि कहा जाए तो लगातार घंटों सिर्फ काम ही करते हैं। वे बैठकर लगातार काम करते हैं, बीच में खड़े भी नहीं होते। इस तरह की कार्यशैली को हम अपने काम का एक नियमित हिस्सा मान लेते हैं और इसे आसानी से नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन विभिन्न देशों में शोधकर्ताओं के बीच यह लगातार एक चिंता का विषय बन रहा है। येल मेडिसिन फिजियाट्रिस्ट एरिक के. होल्डर के अनुसार, 'मेरे मस्कुलोस्केलेटल क्लीनिक में लंबे समय तक बैठे रहना और उससे होने वाली कई परेशानियों के कई मरीज आते हैं। इस एक वजह के कारण उन्हें कई अन्य और प्रकार के डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है।' वह आगे कहते हैं, 'लोग डेस्क पर बैठे रहते हैं, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी के सामने बैठे रहते हैं, लगातार कार, ट्रेनों और विमानों में यात्रा करते रहते हैं। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है, जो कई पुरानी बीमारियों को जन्म दे सकती है।'



### हो सकती हैं कई समस्याएं

येल मेडिसिन विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार बैठने से हमारे पैरों के निचले हिस्से और पंजे थक जाते हैं, उनमें सूजन और दर्द रहने लगती है। वहां रक्त और तरल पदार्थ जमा होने का हमें खुद एहसास होने लगता है। पैर की गहरी नसों में खून का थक्का जम जाता है और खून फेफड़ों तक न जा पाने के कारण हमारे बीमार होने की आशंका बढ़ती है। लगातार स्थिर रहने से इस तरह की समस्या भी उत्पन्न होती है। इसके लिए अपने जोखिम को कम करने हेतु हर 30 मिनट या 1 घंटे के बाद खड़े होकर टहलें। कुछ न कुछ फिजिकल एक्टिविटी करें।

### स्पाइनल कॉर्ड पर पड़ता है दुष्प्रभाव

डॉक्टर होल्डर के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहने से रीढ़ की हड्डी के साथ-साथ कंधों और कूल्हों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कंप्यूटर पर बैठने के दौरान आगे की ओर झुक कर हम अपनी कमर को सीधा नहीं रखते, जिससे मांसपेशियों में थकान होती है। पीठ के निचले हिस्से पर दबाव बढ़ने से रीढ़ की हड्डी का लचीलापन कम हो जाता है। उनके अनुसार 18 से 64 वर्ष की आयु के लोगों को कम से कम 150 मिनट एरोबिक एक्सरसाइज करनी चाहिए। बैठने के बुरे प्रभावों से बचने के लिए पूरे दिन में बार-बार हिलना-डुलना चाहिए।

### सिटिंग के दौरान लेते रहें ब्रेक



डॉ. होल्डर का कहना है कि अपना वर्कस्टेशन ऐसा बनाएं, जिसमें स्टैंडिंग डेस्क हो। अगर ऐसा नहीं है तो अपने लैपटॉप या डेस्क टॉप को ऊंचे काउंटर पर रखें या हर आधे घंटे के बाद थोड़ा उठें और चलें-फिरें। ज्यादा कुछ न कर सकें तो अपनी पानी की बोतल छोटी रखें, ताकि दिन में कई बार पानी भरने के लिए आपको वॉटर कूलर तक जाना पड़े। घर पर भी लगातार टीवी देखने के दौरान विज्ञापनों के दौरान खड़े होने और चलने और स्ट्रेचिंग के लिए ब्रेक लेना चाहिए।

### हार्ट डिजीज का बढ़ता है रिस्क

लगातार बैठना, शारीरिक गतिविधि की कमी से हृदय रोग की आशंकाओं को बढ़ाता है। डॉ. लैंपर्ड का कहना है कि इसके लिए हर घंटे थोड़ी देर टहलना ही एकमात्र समाधान है। लगातार बैठने से वजन बढ़ना, मोटापा, मधुमेह की आशंकाएं भी बढ़ती हैं। इसके अलावा काम पर लगातार बैठे रहना और गतिहीन जीवनशैली, कैंसर का भी कारण बनती है। इसलिए जितना संभव हो सके अपना काम खड़े होकर करें। बीच-बीच में चलते रहें। खड़े रहने से बैठने की तुलना में दोगुनी कैलोरी बर्न होती है।

कहने का कुल सार यही है कि किसी भी वजह से लगातर बैठे रहना हमारे हेल्थ और फिटनेस के लिए बहुत हार्मफुल है। इससे बचाव के लिए हमे यहां बताई गई बातों को अमल में लाना जरूरी है। *

### इनका भी रखें ध्यान



**हम सभी** के पास करने के लिए काम है और कई लोगों के पास इतना समय नहीं है कि वर्कआउट कर सकें। इसलिए जितना संभव हो उतना ही काम करें, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें, धूम्रपान से बचें। शराब और मांस का सेवन कम करें और पर्याप्त मात्रा में फल और सब्जियां खाकर एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम कई रोगों से बच सकते हैं।

## घरेलू औषधि / वीना गौतम

# स्वाद बढ़ाए रोगों से बचाए तेजपत्ता



उत्तर हो या दक्षिण, पूरब हो या पश्चिम, शहर हो या गांव, घर हो या होटल, हर रसोई में मौजूद होता है तेजपत्ता। भारत में तेजपत्ते का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने वाले मसाले के रूप में ही नहीं बल्कि घरेलू औषधि और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी के रूप में भी सदियों से होता रहा है। यही वजह है कि इसकी देश में बहुत ज्यादा डिमांड है और देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मसाले के रूप में जो तेजपत्ता इस्तेमाल किया जाता है, उसमें करीब 70 फीसदी तेजपत्ता भारत से ही जाता है।

तेजपत्ता लॉरेसी परिवार का पेड़ है। अपने देश में इसके कई नाम प्रचलित हैं मसलन-सिन्नामोमम तमाला, मालाबार पत्ता, भारतीय छाल, भारतीय कैसिया या मालाबाथ्रम के नाम से इसे भी जानते हैं। तेजपत्ता का पेड़ भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, चीन, फ्रांस और इटली के साथ-साथ रूस, मध्य अमेरिका, उत्तरी अमेरिका औश्र बेल्जियम में भी पाया जाता है। तेजपत्ता के पेड़ की खेती भारत के कई राज्यों में की जाती है, जैसे- उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी।

**कई रोगों में कारगर:** तेजपत्ता के पेड़ के पत्तों में, लौंग जैसी सुगंध होती है, इसलिए इसका इस्तेमाल जहां मसालों के तौर पर खाना पकाने में किया जाता है, वहीं इसके तेल का इस्तेमाल सिरदर्द, जोड़ों के दर्द, अर्थराइटिस, सूजन आदि में रामबाण सरीखी राहत पाने के लिए किया जाता है। साथ ही तेजपत्ता के पेड़ के पत्तियों का इस्तेमाल हर्बल चाय बनाने में भी किया जाता है।

इसमें एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं। इसलिए इसके सेवन से शारीरिक सूजन में आराम मिलता है। यह पाचक एंजाइम्स को स्टिमुलेट करता है। इस तरह पाचन में सहायक होता है और अपच, गैस जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं इसलिए इसका सेवन हमें कैंसर और हार्ट डिजीज के रिस्क से बचाने में भी सहायक होता है। तेजपत्ते में कुछ ऐसे एसेंशियल ऑयल्स पाए जाते हैं, जो सांस संबंधी समस्याओं में राहत देते हैं, सीने की जकड़न को कम करते हैं। *

## डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन

अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ भरपेट खाना या तरह-तरह के व्यंजन खाना ही पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए आपको भोजन संबंधी कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। क्या हैं वो भोजन संबंधी कायदे, आपको जरूर जानने चाहिए।

# क्या आप जानते हैं भोजन करने के ये नियम



हम जो भोजन करते हैं, वो हमारे स्वास्थ्य, मन और स्वभाव को भी प्रभावित करता है। जो मन में आया, जब मन में आया खा लिया यह आदत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है, भोजन से संबंधित कुछ नियम-कायदों का पालन करें।

**खाना कब खाएं:** सुबह 10 से 11 बजे के बीच भोजन कर लेना चाहिए ताकि दिनभर कार्य करने के लिए ऊर्जा मिल सके। दिन का भोजन शारीरिक मेहनत के अनुसार अच्छी मात्रा में लेकिन रात्रि-भोजन हल्का और सुपाच्य होना चाहिए। रात्रि भोजन, सोने से दो या तीन घंटे पहले करना चाहिए। अच्छी तरह भूख लगने पर ही भोजन करना चाहिए। नाश्ता हो या लंच या डिनर, नियत समय पर करने से ही पाचन अच्छा होता है।

**खाना कैसे खाएं:** हाथ-पैर, मुंह धोकर व्यवस्थित रूप से बैठकर भोजन करें। खड़े-खड़े, जूते पहन कर, भोजन नहीं करना चाहिए। भोजन अच्छी तरह चबा-चबा कर करना चाहिए वरना दांतों का काम (पीसने का) आंतों को करना पड़ेगा, जिससे भोजन का पाचन सही नहीं हो पाएगा। भोजन करते समय शांत रहना चाहिए। इससे भोजन में लार मिलने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। टीवी देखते या अखबार पढ़ते हुए खाना नहीं खाना चाहिए। भोजन हमेशा शांत-प्रसन्नचित्त होकर करना चाहिए।

**क्या-कब और कैसे खाएं:** अगर हम अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो भोजन से संबंधित इन महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखें।

- भोजन को कभी भी भूख से अधिक नहीं खाना चाहिए। इसलिए धीरे-धीरे चबाकर खाना चाहिए और तीन-चौथाई पेट ही भोजन करना चाहिए।
- भूख लगने पर पानी और प्यास लगने पर भोजन नहीं करना चाहिए, अन्यथा स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- भोजन के बीच में प्यास लगने पर थोड़ा-थोड़ा करके पानी पीना चाहिए। भोजन के तुरंत पहले या अंत में तुरंत पानी नहीं पीना चाहिए।
- बासी, ठंडा, कच्चा या जला हुआ और दोबारा गर्म किया हुआ भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नहीं होता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए।
- भोजन पच जाने पर ही दूसरी बार भोजन करना चाहिए। प्रातः भोजन के बाद शाम को अगर अजीर्ण मालूम हो तो कुछ नर्म भोजन लिया जा सकता है। लेकिन रात्रि को भोजन के बाद प्रातः अजीर्ण हो तो बिल्कुल भोजन नहीं करना चाहिए।
- भोजन के तुरंत बाद सोना नहीं चाहिए।
- खाद्य सामग्री में कड़े पदार्थ पहले, नरम पदार्थ बीच में और पतले पदार्थ भोजन करने के अंत में खाना चाहिए।
- भोजन करते समय प्रारंभ में मीठे, बीच में नमकीन और अंत में कसैले पदार्थों को खाना चाहिए।
- भोजन करने से पहले केला और ककड़ी नहीं खाना चाहिए।
- भोजन में दूध, दही, छाछ का प्रयोग दीर्घजीवी बनाता है।
- भोजन करने के बाद न क्रोध करें, न तुरंत व्यायाम करें। इससे स्वास्थ्य को हानि पहुंचती है।
- डिनर के बाद दूध पीना हितकर है।

**भोजन के बाद क्या करें:** लंच के बाद टहलना और डिनर के बाद में सौ कदम टहलकर बाईं करवट लेटने या वज्रासन में बैठने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। भोजन के एक घंटे पश्चात मीठा दूध और फ्रूट लेने से भोजन का पाचन अच्छा होता है।

**भोजन के बाद क्या न करें:** भोजन के तुरंत बाद पानी या चाय नहीं पीना चाहिए। भोजन के पश्चात घुड़सवारी, दौड़ना, बैठना, लेटना, सोना नहीं चाहिए।

**क्या-क्या न खाएं:** रात्रि को दही, सत्तू, तिल और गरिष्ठ भोजन नहीं लेना चाहिए। दूध के साथ नमक, दही, खट्टे पदार्थ, मछली, कटहल का सेवन नहीं करना चाहिए। शहद और घी का समान मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए। दूध-खीर के साथ खिचड़ी नहीं खाना चाहिए। *

**(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

## योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाने में अर्धचंद्रासन बहुत कारगर है। इससे कई तरह की शारीरिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। लेकिन इसे करते समय बहुत सावधानी रखनी चाहिए। इस आसन को करने की विधि, इससे होने वाले लाभ और सावधानियों के बारे में जानिए।

# शारीरिक-मानसिक संतुलन बनाने में सहायक अर्धचंद्रासन



अर्धचंद्रासन या 'हाफ मून पोज' हठ योग का बहुत ही महत्वपूर्ण आसन है। इस योगासन में शरीर अर्धचंद्र के आकार में आ जाता है। यह वह अवस्था है, जो सप्तमी या अष्टमी के चांद की होती है। इस आसन को करने के दौरान पूरे शरीर को सिर्फ पैर और हाथों के बीच में बैलेंस किया जाता है। यह आसन शरीर को गजब की संतुलन शक्ति देता है। अर्धचंद्रासन को कई योग शैलियों में अलग-अलग ढंग से किया जाता है। लेकिन इसका सबसे मूल प्रकार हठ योग में ही दिखता है। यह शरीर में लचीलापन लाता है।

**अर्धचंद्रासन के फायदे:** यह शारीरिक और मानसिक संतुलन को सुधारता है, शरीर में लचीलापन बढ़ाता है। शरीर के मुख्य हिस्सों जैसे पीठ, पैर और कूल्हों को लचीला बनाने के साथ ही उन्हें मजबूत भी बनाता है। इसी तरह पैर, टखनों और कंधों को भी मजबूती देता है। इस आसन का प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है और यह पूरे शरीर को एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है। नियमित रूप से यह आसन करने से रीढ़ की हड्डी और पीठ दर्द से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाता है। यह पाचनतंत्र को सुधारता है, वजन घटाता है, सांस लेने की क्षमता को बेहतर बनाता है, टखनों, हैमस्ट्रिंग और पिंडलियों को ताकत देता है। हिप्स, चेस्ट और शोल्डर्स को खोलता है। छाती और शरीर को गठीला बनाता है। बॉडी को टोंड करता है। सिक्स पैक एब्स बनाने में मददगार है। पेल्विक मसल्स को मजबूत करता है, साथ ही यह पाचनग्रंथियों को भी स्टिमुलेट करता है।

**करने की सही विधि:** पहले अपने योगा मैट पर त्रिकोणासन में खड़े हो जाएं। दायां पैर आगे रखें। अब दाहिने घुटने को मोड़ें और अपने बाएं हाथ को कूल्हे पर लाएं। दाहिने हाथ को दाहिने पैर के सामने फर्श पर ले जाएं। इस दौरान हाथ आपके कंधे के नीचे होना चाहिए। यह प्रक्रिया करते हुए एक फुट सामने की ओर देखें। अब पांच या छह इंच अपने दाहिने पैर के दाईं ओर हों और हाथों को इतना झुकाएं कि बस अंगुलियां फर्श पर रहें और दाएं पैर को उठाते हुए दाहिने पैर को सीधा करना शुरु करें। जबकि बाएं पैर को जितना संभव हो सीधा रखें। कूल्हे को खोलें, दाएं कूल्हे के शीर्ष पर बाएं कूल्हे को लेकर आएं। पैर की अंगुलियों के साथ बाएं पैर को फ्लैक्स करें। जब दायां पैर संतुलित हो जाए तो बाएं पैर को ऊपर ले जाएं। दाएं और बाएं पैर को सीधा करते हुए फर्श पर सीधी रेखा बनाएं और कम से कम पांच सांसों तक खुद को संतुलित बनाए रखें, फिर सामान्य हो जाएं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** अर्धचंद्रासन करते समय ध्यान रखें कि सही मुद्रा बनाए रखना जरूरी है। अगर गलत तरीके से इस आसन को करते हैं तो आसन भले हो जाए, संतुलन सधना नहीं शुरू होगा। इसे हमेशा खाली पेट करें या तब करें जब कम से कम चार-पांच घंटे पहले खाना खाया हो। शुरुआत में दीवार या किसी सहारे की सहायता से करें। लेकिन तब यह आसन कतई न करें, जब आपकी रीढ़ की हड्डी में दर्द हो, डायरिया या अस्थमा की समस्या हो। विशेषकर गर्दन में दर्द हो, कंधे में दर्द की समस्या होने पर हाथ ऊपर न उठाएं। घुटनों में दर्द या अर्थराइटिस होने पर दीवार के सहारे ही अभ्यास करें। दिल और हाई ब्लडप्रेशर के मरीज़ इसे न करें। *

## जिलेभर में सन्त शिरोमणी की 648वीं जयंती कार्यक्रम आयोजित, जगह-जगह लगे भंडारे

# संत रविदास के वचन, दोहे और रचनाएं देते है जीवन जीने की प्रेरणादायी सीख : श्रीभगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कितलाना गांव में सन्त शिरोमणी गुरु रविदास की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई तथा गांव वालों के लिए भण्डारा लगाया गया । गांव के नौजवान मन्जीत सिंह ने युवाओं की टीम बनाकर इसका आयोजन गांव की दलित चौपाल में किया । इस अवसर पर आयोजन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश को आमंत्रित किया गया , उन्होंने भण्डारे में शामिल होते हुए युवाओं के सामने कहा कि इस समय हमारे देश के युवा भंयकर संकट से गुजर रहे हैं , एक तरफ वे भंयकर बेरोजगारी गरीबी व नशे से प्रभावित हैं , उनको भविष्य के लिए सही विकल्प नजर नहीं आता , इन कुरीतियों से कुप्रभावित होकर जातिवाद या पहचान की राजनीति के शिकार हो जाते हैं , फिर अंध विश्वासों और पाखण्डवाद में पड़कर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं । ऐसे समय में हमें सन्त रविदास के उपदेश एक रोशनी व प्रेरणा का काम करते हैं । उन्होंने कहा था कि अंधविश्वासों , पाखण्डवाद व जातिवाद से दूर रहकर अपना स्वयं की ताकत बनाकर आगे बढ़ो और एक बेहतर समानता व बराबरी का समाज बनाओ , एक दूसरे के काम आओ , भेदभाव , नफरत करना छोड़ो तथा मानवता से प्रेम करो , आज उनके इन विचारों की समाज विशेषकर युवाओं को अत्याधिक आवश्यकता है , जब किसी ने उनको गंगा स्नान के लिए कहा जो उनके बहुत नजदीक थी , तो उन्होंने झट से कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा । जब हम समाज और अपने लिए अच्छा काम कर रहे हैं , एक दूसरे से सम्मान और प्यार मोहब्बत से रह रहे हैं , धर्म और जाति पर कोई भेदभाव नहीं करते तो हमें कहीं जाने की जरूरत नहीं है । ऐस महान सन्त से हमें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए । इस अवसर पर सुबेदार सतबीर सिंह , मन्जीत , भूपेन्द्र , जगदीप , हरीश ,गुरमीत , राहुल , अमन , सोनू , गोरव व अरविन्द सोलकी उपस्थित थे ।


भिवानी। गांव कितलाना में आयोजित कार्यक्रम में संत शिरोमणी गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## एमसी कॉलोनी में रविदास को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत माता सेवा मंडल ने हर्षौल्लास से 648वीं गुरु रविदास जयंती एम सी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में धर्मवीर दहिया जिलाअध्यक्ष श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम के संयोजक भारत माता सेवा मंडल के अध्यक्ष ठाकुर पदम सिंह चौहान एवं संगठन मंत्री सुमेर सैनी ने गुरु रविदास की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करते हुए बताया कि गुरु रविदास जी मध्य काल में भारतीय कवि सतगुरु थे। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था। इन्हें संत शिरोमणि सतगुरु की उपाधि दी गई।


भिवानी। रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### संगीत यात्रा निकाली

सेवादार रमेश भोना की अगुवाई में रविदास मंदिर से एम सी कॉलोनी तक ध्वज और प्रतिमा के साथ महिलाओं और पुरुषों की संगीत यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में गायक कलाकार हरीश कथूरिया एवम सतीश कथूरिया ने भजनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर राकेश अरोड़ा जीएमसी, अशोक कुमार जूस वाला, चंद्रभान डेमला, मुरारी लाल शर्मा, रामलाल सुखीजा, भीष्म सचदेवा, जसवंत, महावीर तेनेजा आदि मौजूद रहे।

### संत रविदास जयंती सामाजिक समरसता के रूप में मनाई

**भिवानी।** संत रविदास 15वीं शताब्दी के एक महान संत, दर्शनशास्त्री, कवि और समाज-सुधारक थे। उन्होंने उत्तर भारतीय भक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया। ईश्वर के प्रति असीम प्रेम भाव रखने वाले संत रविदास ने अपने चाहने वालों और अनुयायियों की भलाई तथा सामुदायिक एवं सामाजिक सुधार के लिए अपनी कविताओं के जरिये आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिए। संत रविदास लोगों की नजरों में उनकी सामाजिक और आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा करने वाले मसीहा थे। वह छुआछूत के घोर विरोधी व सामाजिक समरसता के पक्षधर थे।

### एक संत, कवि और दार्शनिक थे रविदास

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने जिलावासियों को गुरु रविदास जयंती की बधाई दी है और कहा कि वे एक संत, कवि और दार्शनिक थे। उन्होंने कहा कि संत रविदास एक ऐसे महान संत एवं अद्वितीय कवि थे, जिन्होंने सामाजिक एकता एवं मानवतावादी मूल्यों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। महावीर कौशिक ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

## जयंती पर गांव फूलपुरा में भंडारा आयोजित

भिवानी। संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती के अवसर पर डा. भीमराव अंबेडकर जनकल्याण समिति द्वारा गांव फूलपुरा के रविदास चौपाल में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान रामदास लांग्यान ने की। समिति ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे बसपा पुर्व जिलाध्यक्ष श्रीभगवान दहिया एवं बसपा नेता महाबीर सिंह बराड़ को गुरुजी का चित्र आधारित स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर अनेक लोग पहुंचे तथा भंडारे में प्रसाद चखा। इस मौके पर श्रीभगवान दहिया व महाबीर बराड़ ने कहा कि संत गुरु रविदास जैसे महापुरूष किसी समाज के ना होकर सर्व समाज के हाते है।


गांव फूलपुरा में आयोजित कार्यक्रम में रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

## रविदास जयंती पर झुप्पा कलां में त्रिवेणी और पौधरोपण किया

**लोहारू।** गुरू रविदास की जयंती के मौके पर उपमंडल के गांव झुप्पा कलां में बीईओ विजय प्रभा द्वारा पौधा रोपण और त्रिवेणी रोपित की गई। बीईओ विजय प्रभा ने गांव में नेहरा परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विजय प्रभा ने कहा कि संतों महापुरुषों की जयंती और त्योहारों पर पौधारोपण और त्रिवेणी लगाकर हम आने वाले समाज को बेहतर संदेश दे सकते हैं। बीईओ विजय प्रभा ने कहा कि गुरु रविदास ना केवल एक महान संत थे बल्कि सर्व समाज के लिए एक आदर्श महान क्रांतिकारी योद्धा भी रहे हैं । इस मौके पर प्रवक्ता प्रदीप नेहरा, प्रवक्ता विजया नेहरा, प्रवक्ता रचना नेहरा, अधिवक्ता करण सिंह नेहरा, प्रभु कालीरावणा, नरेश कालीरावणा, रमेश श्योराण, संदीप नेहरा, बीरमति, संतोष,पूजा, सोनिया आदि उपस्थित रहे ।



## बलियाली में निकाली शोभायात्रा, भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज 648 में जन्मोत्सव गांव बलियाली में बड़े धूमधाम से मनाया गया और संत शिरोमणि गुरु रविदास की शोभायात्रा निकाली गई और भंडारे का भी आयोजन किया गया और मेला भी लगाया गया और गांव वालों ने प्रसाद अभी लिया और गांव वालों ने मेले का आनंद लिया और इस सभी ग्रामीण इस शोभायात्रा में शामिल हुए इस शोभायात्रा के मुख्य अतिथि सरपंच सचिन सरदाना रहे इस मौके पर रविदास सभा के प्रधान मेघा बागड़ी उप प्रधान मघू रेढू डॉक्टर गजेंद्र प्रेसिडेंट ह्यूमन राइट काउंसिल आफ इंडिया भवानी खेड़ा खेड़ा बलजीत ह्यूमन राइट हरियाणा वाइस प्रेसिडेंट धर्मवीर सभरवाल पप्पू सभरवाल नाथुरेदु विजेंद्र रेड् डॉक्टर प्रवीण जयवीर आदि सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे और इस मौके पर भवानी खेड़ा पुलिस का भी सहयोग रहा।

## आस्था स्पेशल स्कूल ने मनाई संत की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिव्यांग बच्चों द्वारा पुष्प एवं तिलक लगाकर संत रविदास जयंती पर्व मनाया गया। संस्था के प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि गुरु रविदास भक्ति आंदोलन का जाना। पहचाना नाम थे, उन्हें गुरु रविदास, संत रविदास और भगत रविदास जैसे नामों से भी जाना जाता है. आज के दिन गुरु रविदास की 648वीं जयंती मनाई जा रही है, इसी दिन गुरु रविदास का जन्म हुआ था जो 15वीं शताब्दी के एक महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। संस्था के संस्थापक ने संत रविदास जी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि निर्गुण परंपरा के प्रमुख संत कबीरदास व अन्य संतों की तरह संत रविदास का कोई प्रमाणिक जीवन वृत्त अब तक सुलभ नहीं हो सका हैं। किंतु अनेक विद्वानों द्वारा माना जाता है कि संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन सन 1388 में वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर नामक गांव में हुआ था। जबकि देहावसान सन 1518 के आसपास बनारस में ही हुआ था। वहीं उनके द्वारा रचित वाणी से यह पता चलता है कि उनका जन्म दलित जाति की कुटबांढला नामक शाखा में हुआ था।

माना जाता है कि रविदास के मातापिता ने इनका विवाह 'लोना" नामक लड़की से कर दिया था। ऐसा विश्वास है कि रविदास एवं लोना के पुत्र भी हुआ जिसका नाम 'विजयदास"था। संत रविदास का बचपन अत्यधिक विषम परिस्थितियों में बीता था।




## संत गुरू रविदास के उपदेश व शिक्षाएं आज भी करती है समाज का मार्गदर्शन : जोगेंद्र


भिवानी। विदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

**भिवानी।** संत गुरु रविदास उन महान संतों में से एक है, जिन्होंने समाज में फैली बुराईयों और कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों को सच्चे मार्ग पर चलने की राह दिखाई तथा अपने दोहों के माध्यम से समाज में ऊंच-नीच के भेद का खंडन किया। उन्होंने अपनी भक्ति भावना से पूरे समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। यह बात ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने संत गुरू रविदास की जयंती अवसर पर बुधवार को गांव तालु में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। तालु ने कहा कि संत गुरू रविदास एक समाज सुधारक होने के साथ ही बेहद धार्मिक स्वभाव थे। भक्तिकालीन संत व महान समाज सुधारक संत रविदास ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक व पारिवारिक कर्तव्यों को भी बाखूबी निभाया। इस अवसर पर सत्यवान मास्टर, विक्की डॉक्टर, रमेश, बबली, अनिल मास्टर वाल्मीकि, अमरजीत वाल्मीकि, विजेंद्र वाल्मीकि, रोशन, मोहन, बोदल, विजय, कृष्ण, रामपाल, धूप सिंह, शमशेर, रतिराम, कर्मबीर, आनंद, मनदीप, मनजीत, मिंटू, सुखबीर, हरीश, विकास, अनित, मोनू, गोगा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


भिवानी। कार्यक्रम में रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए।

## संत गुरु रविदास ने समस्त समाज को सद्मार्ग पर चलने की दिखाई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चांग में संत शिरोमणि रविदास महाराज की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर उधोगपति दीपक मित्तल ने शिरकत की। रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि दीपक मित्तल ने कहा कि संत गुरु रविदास ने समस्त समाज को सद्मार्ग पर चलने की राह दिखाई। उन्होंने हमेशा जातिवाद भेदभाव से लड़ते हुए लोगों को भक्ति मार्ग पर चलने की सीख दी। उन्होंने कहा की संत शिरोमणि गुरु रविदास ने अपनी वाणी के माध्यम से कहा था कि ऐसा चांहू राज मैं जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ा सब सम बसे, रैदास रहे प्रसन्न। शौभा यात्रा को संत आश्रम के महाराज स्वामी अमरानंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभा के प्रधान शेर सिंह बिब्बा, महासचिव जयबीर नाफरिया, सरपंच सुदेश रानी, जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश, सरपंच प्रतिनिधी बृजलाल, नरेश संभ्रवाल, प्रदीप रंगा, दलबीर रंगा, मा. रामकिशन बिब्बा, रघुबीर दुबे, प्रदीप बेरवाल,जगदीश फौजी, चरण सिंह दहिया, पोनी रंगा आदि मौजूद थे।

## अंध विश्वासों, पाखण्डवाद व जातिवाद का विरोध करते हुए अनुकरणीय काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देवसर गांव में सन्त शिरोमणी गुरु रविदास की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई तथा गांव वालों के लिए भण्डारा लगाया गया । गांव के नौजवानों ने युवाओं की टीम बनाकर इसका आयोजन गांव की दलित चौपाल में किया । इस अवसर पर आयोजन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश को आमंत्रित किया गया। उन्होंने भण्डारे में शामिल होते हुए युवाओं के सामने कहा कि इस समय हमारे देश के युवा भंयकर संकट से गुजर रहे हैं , एक तरफ वे भंयकर बेरोजगारी गरीबी व नशे से प्रभावित हैं , उनको भविष्य के लिए सही विकल्प नजर नहीं आता , इन कुरीतियों से कुप्रभावित होकर जातिवाद या पहचान की राजनीति के शिकार हो जाते हैं , फिर अंध विश्वासों और पाखण्डवाद में पड़कर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं । ऐसे समय में हमें सन्त रविदास के उपदेश एक रोशनी व प्रेरणा का काम करते हैं । उन्होंने कहा था कि अंधविश्वासों , पाखण्डवाद व जातिवाद से दूर रहकर अपना स्वयं की ताकत बनाकर आगे बढ़ो और एक बेहतर समानता व बराबरी का समाज बनाओ , एक दूसरे के काम आओ , भेदभाव , नफरत करना छोड़ो तथा मानवता से प्रेम करो , ये सन्देश हमारे अन्य गुरुओं कबीर , गुरु नानक , ज्योतिबा फुले , सावित्री बाई फुले तथा बाबा साहब अम्बेडकर ने हमें दिया है । आज उनके इन विचारों की समाज विशेषकर युवाओं को अत्याधिक आवश्यकता है , जब किसी ने उनको गंगा स्नान के लिए कहा जो उनके बहुत नजदीक थी।

### तोशाम में धूमधाम से मनाया पर्व

भिवानी। बुधवार को तोशाम की गुरु रविदास धर्मशाला में डा. भीमराव अम्बेडकर चेतना विकास समिति के तत्वाधान में 648वा प्रकाशपर्व का आयोजन किया गया व विशाल गुरु लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया व सहयोग किया। इस दौरान संत शिरोमणी गुरु रविदास की मूर्ति स्थापना की गई। समाज के अनेको प्रबुद्धजनों ने बताया संत महात्मा किसी जाति विशेष के ना होकर सम्पूर्ण जगत के होते है। हमे उनके आदर्शों पर चलकर अच्छाई के रास्ते को अपनाना चाहिए। उनका कहना था कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने आज से 600 वर्ष पहले समानता बन्धुता, एकता व सामाजिक भाईचारे की बातो का प्रचार-प्रसार किया।

## टैलेंट हर बच्चे में होता है जरुरत है उसे निखारने की : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

बी.आर. आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिरही कलां में बुधवार को छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के कुल 1171 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसमे मस्ती डांस, पंजाबी डांस, हरियाणवी डांस और देशभक्ति डांस - शहीद बेटी आदि शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का मन मोह लिया और झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान स्पेक्टकरा गेम में नेशनल लेवल पर पदक जितने वाले ऋतिक पुत्र श्री मायाराम गांव बिरहीं कलां को विद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया वहीं गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने छात्रवृति परीक्षा में अपने ज्ञान एवं कौशल को प्रदर्शित किया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ ने कहा कि इस परीक्षा का उद्देश्य केवल प्रतिभा को आंकना ही नहीं, बल्कि विद्यालय की नीति एवं संस्थापक स्वर्गीय राजेंद्र भारद्वाज की दूरदर्शी सोच को आगे बढ़ाना भी है। उन्होंने कहा कि संस्थापक राजेंद्र भारद्वाज का यह मानना था कि आर्थिक स्थिति किसी भी विद्यार्थी की प्रगति में बाधक नहीं बननी चाहिए। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि विद्यालय की नीति प्रत्येक विद्यार्थी को समान अवसर प्रदान करने की है, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। विद्यालय द्वारा छात्रवृति परीक्षा के परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे और योग्य विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक विकास में हर संभव सहायता दी जाएगी। परीक्षा के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं प्रशासनिक स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परीक्षा के समापन के बाद चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने सभी का धन्यवाद किया।



### गांव धारेडू में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

## नामी कलाकारों ने रागनियों से उकेरी संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा कला परिषद रोहतक मण्डल द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर गांव धारेडू में सांस्कृतिक कार्यक्रम रागनियों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में जाने-माने कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी । मंच संचालन पतराम शर्मा ने किया । उन्होंने बताया कि अनुज कुमार द्वारा पूर्णमल तू कुनसे ढंग मैं रागनी प्रस्तुत की। यश शर्मा दादरी तोय द्वारा रोवन आली क्यों रोव के विपदा पड़गी तेरे मैं, रागनी प्रस्तुत की । जितेन्द्र द्वारा बिस्तर परके चला उठके आवन लाग्या तिवाला रागनी की प्रस्तुति दी गई । हिन्द केसरी बाली शर्मा ने बेवारस की ढाल तू इधर उधर आगी, चालन आली अदा निराली काढ़ कालजा खागी रागनी गाई । मास्टर रणवीर ने लख्मीचंद का रागनी तेरी झांकी के माह गोला मारू मैं बाट गोपियाँ सन का रागनी सुनाई। राजेश थुराना ने बहुत देर का अर्षा होरया फिर सोधिः सी आगी रागनी की प्रस्तुति दी। सुनील मुनिमपर द्वारा राम तेरी गंगा मैली पापियों के पाप धो गई रंग पे रागनी सुनाई, जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। ग्राम पंचायत धारेडू व सन्त शिरोमणि रविदास कमेटी द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। अंत में कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी तथा हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त निदेशक गजेन्द्र फौगाट का गांव में कार्यक्रम करवाने पर धन्यवाद किया और कहा कि प्रत्येक वर्ष हरियाणा कला परिषद रोहतक मण्डल द्वारा यह कार्यक्रम हमारे गांव में करवाए जाते हैं। कमेटी ने सरकार व अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम करवाने चाहिए । कार्यक्रम में आस पास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस अवसर पर श्री लख्मीचंद समिति बापोड़ा के मुकेश शर्मा बापोड़ा, गजानन्द ,सतेंद्र, जयप्रकाश, बजरंग सरपंच धारेडू, पवन पूर्व सरपंच, रामफल, सुरजल फौजी, सोमबीर, अरुण कुमार, प्रधान दलबीर मेम्बर, दिलबाग, होशियार, लक्की, चांदरूप, पालेराम व तेजपाल आदि उपस्थित रहे।


भिवानी। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

## भारत की उर्जा युवाओं में ही निहित : योगी

**चरखी दादरी।** महर्षि दयानंद की सोच किसी वर्ग विशेष को लेकर नहीं बल्कि समग्र विश्व को उत्थान की ओर ले जाना है। आज की बिगड़ती सामाजिक स्थिति में युवा पीढ़ी को उनके विचार आत्मसात करने की जरूरत है तभी युवा वर्ग समाज और देश को प्रगति की ओर ले जा सकेगा। युवा देश के कर्णधार हैं, अत उन्हें यह जिम्मेदारी समझनी ही होगी। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे महान राष्ट्र की उर्जा तो युवाओं में ही निहित है। यह आहवान स्वामी सच्चिदानंद एवं आचार्य प्रवीण योगी ने किया। विभिन्न गांवों में लोगों ने आर्य समाज, आर्य वीर दल, गुरूकुल दादरी, सर्वहित साधना न्यास के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती 200वीं जयंती अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय विशाल यज्ञ यात्रा में हजारों लोगों ने आहुति अर्पित की। इस दौरान विभिन्न गांवों में युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया गया। स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि युवा शक्ति देश और समाज की रीड होती है। युवा देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान हैं, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं। युवा देश और समाज के जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं।